# ग्रामीण विकास में जनभागीदारी का आह्वान

## पीएम नरेंद्र मोदी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने पंचायतों की भूमिका को किया रेखांकित

### मोदी सरकार में सशक्त हुईं पंचायतें : शाह

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. देशभर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पीएम मोदी सहित कई राजनीतिक नेताओं ने पंचायतों की भूमिका को रेखांकित करते हुए ग्रामीण विकास और जनभागीदारी को मजबूत करने का आह्वान किया.**



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया- प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्-नात्मप्रियं प्रियं राज्ञः प्रजानां तु प्रियं प्रियम्- इस 'संस्कृत सुभाषितम् का भाव है- प्रजा के सुख में जनप्रतिनिधि का सुख है, प्रजा के हित में ही उसका हित है. जनसेवक का अपना प्रिय कुछ नहीं है, प्रजा का प्रिय ही उसका प्रिय होता है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंचायतों को भारत की प्राचीन लोकतांत्रिक परंपरा का आधार बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार के प्रयासों से ये संस्थाएं अधिक आत्मनिर्भर और प्रभावी बनी हैं.केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी पंचायतों को आत्मनिर्भर भारत के सपने का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है.उन्होंने पंचायतों के माध्यम से बुनियादी ढांचे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया.कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचायतों को जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि गांव की चौपाल से लेकर बड़े विकास कार्यों तक जनता की भागीदारी ही लोकतंत्र की असली पहचान है. उन्होंने लोगों से अपनी पंचायतों को स्वच्छ, शिक्षित और समृद्ध बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया.केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है और इन गांवों के समग्र विकास का आधार हमारी पंचायतें हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों नई ऊर्जा मली है.







उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'ग्राम स्वराज' की भावना को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर गांव ही विकसित राज्य और देश की नींव हैं. वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों ने भी पंचायतों के डिजिटल सशक्तिकरण, पारदर्शिता और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया.



# पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात

**चेन्नई, 24 अप्रैल.प्रेम झा-जय राम शोध संस्थान सुल्तान पुर के तत्वावधान में सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी पुण्य पर्व समारोह में विशिष्ट अतिथि तामिलनाडु साहित्य अकादमी चेन्नई के महासचिव डॉ ईश्वर करुण ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस भरे मतलबी दुनिया में अपने पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात हैं.**



इस रुप में डा.रंगनाथ दिवाकर द्वारा यह प्रयास, निश्चित ही सराहनीय पहल हैं. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मिथिला सेवी मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो पी के झा प्रेम ने कहा कि आज के इस आर्थिक युग में अपनी मातृभाषा मैथिली को जिवंत रखने के लिए आगामी जनगणना में मातृभाषा के रुप में मैथिली का का उल्लेख करें. इस अवसर पर सर्वप्रथम स्मृति शेष जगन्नाथ चौधरी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. उसके बाद सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया. सभी सम्मानित अतिथियों को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ रंगनाथ दिवाकर एवं अन्य सदस्यों के द्वारा मिथिला परम्परा के अनुसार चादर -पाग, मोमेंटो तथा पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया.

# नाबालिग को मजबूर नहीं कर सकते

### 7 माह की गर्भवती नाबालिग को अबॉर्शन की अनुमति

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय में 15 वर्षीय नाबालिग को 31 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दे दी है.**



न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुवन की पीठ ने स्पष्ट कहा कि यह मामला केवल जन्म लेने वाले बच्चे का नहीं, बल्कि गर्भवती लड़की की इच्छा और उसके अधिकारों का है.अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि कोई महिला गर्भावस्था जारी नहीं रखना चाहती, तो उसे इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, भले ही जन्म के बाद बच्चे को गोद देने का विकल्प मौजूद हो. कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि प्रजनन संबंधी निर्णय लेना महिला की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा का अभिन्न हिस्सा है.

### हाई कोर्ट ने पवन खेड़ा की जमानत अर्जी की खारिज

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक और बड़ा झटका लगा है. गुवाहाटी हाई कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर की गई टिप्पणियों को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी है.अध्यक्ष खेड़ा ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुयान सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं.

### आज का इतिहास

1809 -ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी व पंजाब के शासक के बीच संधि पर हस्ताक्षर .

1867 - जापान की राजधानी तोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई.

1905 -दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों को मताधिकार मिला.

1919 -उप्र के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म.

1954 -बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की.

1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया.

# खैबर पख्तूनख्वा में 22 आतंकवादी किए ढेर

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल.** पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें करीब 22 आतंकवादी मारे गए हैं. प्रांत के खैबर जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया.

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना बयान में कहा, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप दस साल के एक बच्चे की मौत हो गई. पाक सेना ने आगे कहा, इलाके में बचे हुए किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान जारी है. बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि 'राष्ट्रीय कार्य योजना' पर संघीय शीर्ष समिति के अनुमोदित 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' की परिकल्पना के तहत आतंकवाद विरोधी अभियान पूरी गति से जारी रहेगा. 'फितना-अल-ख्वारिज' एक ऐसा शब्द है 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' को संदर्भित करने के लिए करती है.



# गंगा का हर बंगाली के जीवन में विशेष स्थान

### हुगली किनारे पीएम मोदी का जनसंपर्क और संवाद

**कोलकाता, 24 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला, जब उन्होंने कोलकाता में हुगली नदी के तट पर समय बिताया.

राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच यह पल न केवल आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक था, बल्कि आम लोगों के साथ सीधे संवाद का भी अवसर बना. प्रधानमंत्री ने मां गंगा के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि यह नदी हर बंगाली के जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है. उन्होंने इसे बंगाल की आत्मा बताया, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति को संजोए हुए है. इस दौरान उन्होंने नाविकों, स्थानीय लोगों और सुबह सैर करने वालों से मुलाकात की और उनकी जीवनशैली को करीब से समझा।यह दौरा केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसमें भावनात्मक जुड़ाव, सांस्कृतिक सम्मान और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया.

प्रधानमंत्री का यह कदम चुनावी माहौल में जनता से जुड़ने की एक अहम पहल के रूप में भी देखा जा रहा है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गंगा का हर बंगाली के जीवन में विशेष स्थान है और यह नदी राज्य की आत्मा में बसती है. उन्होंने इसे एक ऐसी धारा बताया, जो न केवल जीवन देती है बल्कि एक संपूर्ण सभ्यता की भावनाओं को भी अपने साथ बहाती है. हुगली नदी के किनारे प्रधानमंत्री ने नाविकों से मुलाकात की और उनके जीवन व कार्य के बारे में जानकारी ली।

# ग्राम स्वराज से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : खरगे

### राजीव गांधी के प्रयासों से लागू हुआ था 73वां संशोधन

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंचायतों को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया और कहा है कि ग्राम स्वराज से ही लोकतंत्र मजबूत होगा.**



श्री खरगे ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है और भारत की असली ताकत गाँवों में बसती है.उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि ग्राम स्वराज की अवधारणा, जिसे महात्मा गांधी और विनोबा भावे ने आगे बढ़ाया, आज भी देश के विकास की दिशा तय करती है. उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री राजिव गांधी के प्रयासों से 73वाँ संविधान संशोधन लागू हुआ.

# एक दिन में बेचे पांच किलो गैस वाले 81 हजार सिलेंडर

### मंत्रालयों के अधिकारियों ने दी जानकारी


**नई दिल्ली, 24 अप्रैल . पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार प्रवासी श्रमिकों और छात्रों की सुविधा के लिए पांच किलोग्राम एफटीएल सिलेंडरों की बिक्री लगातार जारी रखे हुए है और एक अप्रैल से अब तक 17.83 लाख से अधिक सिलेंडर बेचे जा चुके हैं.**

गुरुवार को ही देश भर में 81,000 से अधिक पांच किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए.पश्चिम एशिया की स्थिति की जानकारी देने के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पीएनजी कनेक्शन बढाने की मुहिम के अंतर्गत मार्च से अब तक 5.27 लाख कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई है, 2.60 लाख और कनेक्शनों के लिए अवसंरचना तैयार है, जिससे कुल कनेक्शन 7.87 लाख हो जाएंगे. इसके अलावा 5.97 लाख नए ग्राहकों ने पंजीकरण कराया है.अधिकारियों ने कहा कि देशभर में खुदरा आउटलेट सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है.

# ट्रम्प के पास जंग जारी रखने 7 दिन शेष

### एक हफ्ते बाद संसद की लेनी होगी मंजूरी

**वॉशिंगटन, 24 अप्रैल.** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन हैं. अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है. यहां भी ट्रम्प ने खेल किया. युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया. अब 1 मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है. रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं. 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं. जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं.ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं. जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं. ऐसे में अब ट्रम्प 1 मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं. इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है. राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं.



ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं. इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं. अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है. इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें इस्तेमाल कीं. ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं. इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें भी दागी गई.



# रिजर्व बैंक ने पेटीएम बैंक का लाइसेंस रद्द किया

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल.** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस शुक्रवार से रद्द कर दिया है. आरबीआई ने कहा कि बिजनेस इस तरह से किया गया है, जो जमाकर्ताओं के हितों के लिए नुकसानदायक है. आरबीआई ने आगे कहा कि इसे जारी किए गए पेमेंट्स बैंक लाइसेंस के नियमों का पालन करने में यह नाकाम रहा. पेटीएम के शेयर 0.5% गिरकर 1,153 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए.

CHANGE OF NAME
I, Sarla, D/o Shri Madhukar More, R/o 6/120 Samrat Ashok Nagar, Near Marathi School, Nepanagar, District Burhanpur (M.P.), Pin-450221, have changed my name to Sarla More

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। **क्र.सं.: 1. ऑक्शन केटलॉग सं.: MSS-RTM-2026-5. अनुबंध का प्रकार: Misc-Static-Services. लॉट नं.**: MSS-RTM-COR-BCA-58-25-1 (Misc-Static-Services - Battery Operated Carts with Advertisement). **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि**: 06.05.2026. **समय**: प्रातः 11:00 बजे। **क्र.सं.: 2. ऑक्शन केटलॉग सं.: PnU-RTM-WR-06. अनुबंध का प्रकार: Pay and Use. लॉट नं.**: PnU-RTM-RTM-WRL-52-26-1 (Pay and Use Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms) और PnU-RTM-RTM- WRL-51-26-1 (Pay and Use Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms). **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि**: 07.05.2026. **समय**: प्रातः 11:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **AK/13**
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

IIFL FINANCE | गोल्ड लोन
PUBLIC NOTICE
The branch of IIFL Finance Ltd. located at 1st Floor, 19, 20, Gurukripa Avenue, Shivaji Chowk, Khandwa, Pin-450001 (Madhya Pradesh), will be shifting to below mentioned address with effect from 25.07.2026.
**New Address: IIFL Finance Limited, 286, Soharab Ji Marg, Ward-12, Zone-1, Pandhana Road, Khandwa, Madhya Pradesh-450001.**
**Contact No.: 02271071754**
All existing services can be availed at the new location.
सार्वजनिक सूचना
पहली मंजिल, 19, 20, गुरुकृपा एवेन्यू, शिवाजी चौक, खंडवा पिन-450001 (मध्य प्रदेश), पर स्थित आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की शाखा 25.07.2026 से नीचे दिए गए पते पर स्थानांतरित किया जाएगा।
**नया पता: आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड, 286, सोहराब जी मार्ग, वार्ड-12, जोन-1, पंधाना रोड, खंडवा, मध्य प्रदेश-450001**
**संपर्क: 02271071754**
सभी मौजूदा सेवाएँ इस नई शाखा से हासिल की जा सकती हैं।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd
**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई - 400069.
**उज्जैन शाखा:** 06/प्रथम मंजिल, कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज, आईडीबीआई बैंक के ऊपर, शहीद पार्क के पास, उज्जैन 456010 (म. प्र.)
**आगर शाखा:** ग्राउंड फ्लोर, भूमि सर्वे नं.341/2 पर मकान का पूर्वी भाग, सारंगपुर रोड, छावनी नाका के पास, आगर 465441 (म. प्र.)
आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)
जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता (ओ)(शाखा का नाम) | धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 02010001522 / उज्जैन शाखा) रहमता खान (ऋणी) नूर बेगम रहमत खान (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जीएफ प.ह. 06, नागदा अन्तर्गत- महिदपुर रोड़ तहसील महिदपुर प्लाट नं.208 गोगापुर उज्जैन मध्य प्रदेश 456440 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - दरियागंज का रास्ता, पश्चिम - मेन रोड़, उत्तर - अय्युब भाई का मकान, दक्षिण - युसूफ भाई का मकान | 09-01-2026 एवं ₹ 10,79,189/- | 23-04-2026 |
| 2 | (लोन कोड नं. 02010001545 / उज्जैन शाखा) रहमता खान (ऋणी) नूर बेगम रहमत खान (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जीएफ मकान नं. 195 अम्बेडकर नगर, टपरी मोहल्ला के नाम से ज्ञात, महिदपुर रोड़ स्टेशन रोड़, तहसील महिदपुर गोगापुर उज्जैन मध्य प्रदेश 456440 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अय्युब भाई का प्लाट, पश्चिम - गली, उत्तर - रोड़, दक्षिण - नाली | 09-01-2026 एवं ₹ 3,33,610/- | 23-04-2026 |
| 3 | (लोन कोड नं. 11710000237 / आगर शाखा) श्रवण राजपूत (ऋणी) सपना कुंवर (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जी.एफ.प.ह.न. 16, मकान नं. 10, काशी बरदिया रोड से कोटा रोड, काशी बरदिया आगर मालवा म.प्र.-465441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - बाने सिंह का मकान, पश्चिम - गोकुल सिंह का मकान, उत्तर - आम रास्ता, दक्षिण - पीरु सिंह की भूमि | 09-02-2026 एवं ₹ 5,39,345/- | 23-04-2026 |
| 4 | (लोन कोड नं. 11710000159 & 11710000161 / आगर शाखा) कमल पाटीदार (ऋणी) ममता बाई (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जीएफ प.ह.न. 01, ग्राम पंचायत मकान नं. 207, जीरापुर नलखेडा रोड, वार्ड नं. 14, ग्राम तखला आगर मालवा मध्यप्रदेश-465445 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - मोहन लाल जी पाटीदार का प्लॉट, पश्चिम - रोड, उत्तर - बालचंद का अस्थायी मकान, दक्षिण - कैलाश जी का प्लॉट | 09-02-2026 एवं ₹ 14,93,275/- | 23-04-2026 |
| 5 | (लोन कोड नं. 11700000319 / आगर शाखा) प्रहलाद बैरागी (ऋणी) कृष्णा बाई बैरागी एवं कौसल्या बाई बैरागी (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, सर्वे नंबर 444 के भाग पर मकान, पिडावा रोड, इमली चौराहा के पास, सुसनेर जिला आगर मालवा, मध्य प्रदेश - 465447 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की उक्त भूमि का शेष भाग, उत्तर - विक्रेता की उक्त भूमि का शेष भाग, दक्षिण - विक्रेता की उक्त भूमि का शेष भाग | 06-01-2026 एवं ₹ 11,98,582/- | 23-04-2026 |
| 6 | (लोन कोड नं. 02010000534 / उज्ज़ैन शाखा) अयोध्या प्रसाद (ऋणी) निर्मलाबाई पाटीदार (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जी.एफ. एवं एफ.एफ मकान नं. 42, दावतपुर पानखेड़ी रोड़ सरल नं. 16, दावतपुर आगर मालवा शाजापुर मध्य प्रदेश 465445 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कॉमन रोड़, पश्चिम - कन्हैयालाल का मकान, उत्तर - कॉमन रोड़, दक्षिण - देवीलाल की भूमि | 09-01-2026 एवं ₹ 16,21,100/- | 23-04-2026 |
| 7 | (लोन कोड नं. 11710000213 / आगर शाखा) गोपाल सिंह (ऋणी) अंजना सिसोदिया (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, जी.एफ.सुंदरम कॉलोनी देविल रोड, प्लॉट नं. 366 पर मकान, आगर मालवा मध्यप्रदेश-465441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कॉलोनी रोड, पश्चिम - प्लॉट नं. 377, उत्तर - प्लॉट नं. 367, दक्षिण - प्लॉट नं. 365 | 09-02-2026 एवं ₹ 6,30,603/- | 23-04-2026 |

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 25-04-2026
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

समीक्षा
### स्पोक मॉडल और नई रणनीति के जरिए भारत को वैश्विक ट्रांजिट केंद्र बनाने की तैयारी

# भारत बनेगा वैश्विक एविएशन हब : नायडू

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल. दिल्ली में हब-एंड-स्पोक मॉडल को लागू करने की तैयारियों की समीक्षा की गई. इस समीक्षा बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस महत्वाकांक्षी योजना को आगे बढ़ाते हुए कहा है कि भारत की भौगोलिक स्थिति उसे इस भूमिका के लिए स्वाभाविक बढ़त देती है.**



दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान हब-एंड-स्पोक मॉडल को लागू करने की तैयारियों की समीक्षा की गई.उहोनें कहा कि इस मॉडल के जरिए छोट शहरों से आने वाले यात्रियों को बड़े एयरपोर्ट्स से जोड़कर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों तक पहुंच आसान बनाई जाएगी. इससे यात्रा समय घटेगा, कनेक्टिविटी बेहतर होगी और एयरपोर्ट संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग हो सकेगा.सरकार की यह रणनीति न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने की दिशा में है, बल्कि भारत को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने का भी प्रयास है.दिल्ली में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में हब-एंड-सरकार का लक्ष्य इस निर्भरता को कम करके भारतीय शहरों को ही प्रमुख ट्रांजिट केंद्र के रूप में विकसित करना है इस को लेकर चर्चा की गई. इंद्रा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है. यह एयरपोर्ट 10 करोड़ से यात्रियों की क्षमता रखता है.मंत्री ने बताया कि वर्तमान में भारत के लगभग 35 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय यात्री दुबइ हब के माध्यम से यात्रा करते हैं. सरकार का लक्ष्य इस निर्भरता को कम करके भारतीय शहरों को ही प्रमुख ट्रांजिट केंद्र के रूप में विकसित करना है.

इस मॉडल के तहत टियर-2 और टियर-3 शहरों से आने वाले यात्रियों को बड़े एयरपोर्ट्स—जैसे दिल्ली, मुंबई, और चन्नेई —पर इकट्ठा कर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जोड़ा जाएगा. इससे न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित होगा.मंत्री ने बताया कि वर्तमान में भारत के लगभग 35 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय यात्री दुबई, लंडन और सिंगापुर जैसे विदेशी हब के माध्यम से यात्रा करते हैं.